पंजाब केसरी
FRI,23 OCTOBER 2026
EDITION: HIMACHAL , PA

# एस.ओ.एस. परीक्षाओं की उत्तर कुंजियां जारी

धर्मशाला, 22 अक्तूबर (प्रियंका): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राज्य मुक्त विद्यालय (एस.ओ.एस.) की 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षाओं की सितंबर-अक्तूबर 2026 परीक्षाओं की बहुविकल्पीय प्रश्नों की अस्थायी उत्तर कुंजियां जारी कर दी हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षार्थी उत्तर कुंजियों पर प्रमाणित तथ्यों के साथ 25 अक्तूबर को शाम 5 बजे तक भेज सकते हैं।

दिव्य हिमाचल E-Paper
देवभूमि का सर्वाधिक लोकप्रिय मीडिया

# आठवीं, 10वीं और 12वीं की आंसर-की जारी

## प्रामाणिक तथ्यों के साथ 25 तक दर्ज करवाएं आपत्ति

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो— धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राज्य मुक्त विद्यालय एसओएस के हजारों परीक्षार्थियों को अहम अपडेट देते हुए आठवीं, 10वीं और 12वीं कक्षाओं (सितंबर/अक्तूबर, 2026) की परीक्षाओं की अस्थायी उत्तर कुंजियां जारी कर दी हैं। जो परीक्षार्थी बोर्ड के जवाबों से असंतुष्ट हैं, वे 25 अक्तूबर की शाम पांच बजे तक पुख्ता सबूतों के साथ आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सख्त हिदायत दी है कि तय समय के बाद या बिना प्रमाणित तथ्यों के आने वाली किसी भी आपत्ति को सीधे तौर पर खारिज कर दिया जाएगा। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि सभी बहुविकल्पीय प्रश्नों की आंसर-की बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी गई है। आपत्तियां बोर्ड की ई-मेल पर भेजी जा सकती हैं। इसके अलावा, छात्र डाक के माध्यम से या खुद बोर्ड कार्यालय पहुंचकर प्रश्न पत्र निर्धारण शाखा के अनुभाग अधिकारी के पास भी इसे जमा करवा सकते हैं। डा. शर्मा ने स्पष्ट किया कि हवा-हवाई आपत्तियों पर कोई विचार नहीं होगा। परीक्षार्थी को अपने दावे के समर्थन में प्रमाणित तथ्य और सबूत पेश करने होंगे। प्राप्त सभी आपत्तियों की जांच विषय विशेषज्ञों की एक विशेष समिति करेगी। इस समिति की सिफारिशों के आधार पर ही फाइनल आंसर-की तैयार की जाएगी।

HI

Executi

Online bids on item rate basis are invite
Himachal Pradesh, in electronic tender
appropriate class enlisted with HP Jal Sh

| Sr. No. | Name of work |
|---|---|
| 1 | (2015-306-1179) Providing LIS for Adj. village in G.P. Kuthar, Basadh H.P. (SH:- R/R damages by C/O R |
| 2 | Repair of rain damages of GWSS tehsil Kumarsain, Distt. Shimla. (S of GI pipe from Kharti source to under CV Reog) (DC Deposit work |
| 1 | Tender documents and other instru firms/individual registered on the w |
| 2 | As the bids are to be submitted onli Digital Signature Certificate (DSC) |

**Key Dates:-**

| | |
|---|---|
| 1 | Date of online publication |
| 2 | Downloading of e-tender Documen |
| 3 | Date of submission of e-tendering. |
| 4 | Physical Submission of earnest mo of tender documents (If not submitte 1. FDR- Fixed deposit./NSC 2. DD-Demand Draft |

Himachal Dastak Dt.23-10-2026

# एसओएस परीक्षाओं की उत्तर कुंजियां जारी, 25 तक दर्ज कराएं आपत्तियां

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राज्य मुक्त विद्यालय की आठवीं, दसवीं और बारहवीं कक्षाओं की सितंबर-अक्तूबर, 2026 की परीक्षाओं के बहुविकल्पीय प्रश्नों की अस्थायी उत्तर कुंजियां जारी कर दी हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षार्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उत्तर कुंजियां देख सकते हैं। किसी उत्तर पर आपत्ति होने पर 25 अक्तूबर को सायं पांच बजे तक प्रमाण सहित ई-मेल या डाक के माध्यम से आपत्ति भेज सकते हैं। बोर्ड कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से भी आपत्ति जमा करवाई जा सकती है। निर्धारित समय के बाद और प्रमाण के बिना मिली आपत्तियों पर विचार नहीं होगा। विषय विशेषज्ञों की समीक्षा के बाद अंतिम उत्तर कुंजी तैयार की जाएगी। कोई आपत्ति नहीं मिलने पर अस्थायी उत्तर कुंजी को ही अंतिम माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01892-242134 पर संपर्क करें।

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# एसओएस : 8वीं, 10वीं और 12वीं की आंसर की जारी

- प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने वेबसाइट पर अपलोड की उत्तर कुंजी
- छात्र 25 अक्तूबर शाम पांच बजे तक प्रमाणों सहित दर्ज करवा सकेंगे आपत्तियां

सवेरा न्यूज/ यशपाल सिंह

धर्मशाला, 22 अक्तूबर : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राज्य मुक्त विद्यालय (एसओएस) की सितंबर-अक्तूबर 2026 परीक्षाओं की आठवीं, दसवीं और बारहवीं कक्षाओं की अस्थायी आंसर-की जारी कर दी है। परीक्षार्थी उत्तरों पर आपत्ति होने की स्थिति में 25 अक्तूबर को शाम पांच बजे तक प्रमाणों सहित शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। बिना ठोस तथ्यों और निर्धारित समय सीमा के बाद मिलने वाली आपत्तियां खारिज कर दी जाएंगी। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि बहुविकल्पीय प्रश्नों की आंसर-की बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस बारे में किसी छात्र को आपत्ति हो तो वह ईमेल-डाक के जरिए या निर्धारण शाखा के अनुभाग अधिकारी के पास भी आपत्ति जमा करवा सकता है। उन्होंने बताया कि बोर्ड को प्राप्त आपत्तियों की जांच विषय विशेषज्ञों की समिति करेगी। समिति की सिफारिशों के आधार पर अंतिम आंसर-की तैयार होगी। यदि निर्धारित समय में किसी विषय पर कोई आपत्ति नहीं आती है, तो अस्थायी उत्तर कुंजी को ही अंतिम मानकर परिणाम तैयार किया जाएगा। आपत्ति दर्ज करवाने वाले परीक्षार्थियों को अलग से व्यक्तिगत सूचना नहीं भेजी जाएगी। आंसर-की या आपत्ति प्रक्रिया से संबंधित जानकारी के लिए परीक्षार्थी बोर्ड के दूरभाष नंबर 01892-242134 पर संपर्क कर सकते हैं।

Amar Ujala Dt. 23-10-2026

शिक्षा

चौथे चरण की काउंसलिंग भी बेअसर, टॉप-100 रैंक वाले 26 अभ्यर्थियों ने भी नहीं दिखाई रुचि

# डीएलएड की 719 सीटों के लिए पहुंचे महज 23 अभ्यर्थी

अमर उजाला ब्यूरो

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में डीएलएड (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) की रिक्त सीटें भरने के लिए स्कूल शिक्षा बोर्ड के प्रयासों को अभ्यर्थियों की बेरुखी से झटका लगा है।

719 रिक्त सीटों को भरने के लिए वीरवार को आयोजित चौथे चरण की काउंसलिंग में महज 23 अभ्यर्थी पहुंचे। बार-बार काउंसलिंग करवाने के बावजूद बड़ी संख्या में सीटें खाली रहने से डीएलएड संस्थानों में प्रवेश का संकट बरकरार है। अब रिक्त सीटों को भरने के लिए प्रदेश सरकार के जवाब का इंतजार है।

अभ्यर्थियों की कम भागीदारी को देखते हुए बोर्ड ने चौथे चरण की काउंसलिंग में 45 अंक हासिल करने वाले अभ्यर्थियों को भी शॉर्टलिस्ट किया था, ताकि अधिक युवाओं को प्रवेश का अवसर मिल सके। इसके बावजूद 719 सीटों के मुकाबले केवल 23 अभ्यर्थियों के पहुंचने से प्रवेश प्रक्रिया को लेकर चुनौती बनी हुई है।

डीएलएड में प्रवेश के लिए इससे पहले तीन चरणों में काउंसलिंग करवाई जा चुकी है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में सीटें खाली रह गईं।

## अब सभी अभ्यर्थियों को आगामी काउंसलिंग के लिए बनाया जा सकता है पात्र

प्रवेश परीक्षा में अच्छी रैंक हासिल करने वाले अभ्यर्थियों ने भी जेबीटी पाठ्यक्रम में कम रुचि दिखाई। परीक्षा की टॉप-100 रैंक में शामिल 26 अभ्यर्थियों ने डीएलएड में प्रवेश लेने में रुचि नहीं दिखाई। इनमें तीसरी रैंक हासिल करने वाला अभ्यर्थी भी शामिल था।

रिक्त सीटों को भरने के लिए अब प्रदेश सरकार के फैसले का इंतजार किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा बोर्ड प्रबंधन ने सरकार को पत्र लिखकर आगामी काउंसलिंग में उन सभी अभ्यर्थियों को पात्र बनाने की मांग की थी, जिन्होंने प्रवेश परीक्षा में हिस्सा लिया था।


इस प्रस्ताव पर सरकार की ओर से जवाब मिलने के बाद ही अगली प्रक्रिया को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि वीरवार को आयोजित चौथे चरण की काउंसलिंग में 23 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया।

Dainik Jagran Dt. 23-10-2026

# बहुविकल्पीय प्रश्नों की अस्थायी उत्तर कुंजियां की जारी

**धर्मशाला** : प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने एसओएस की आठवीं, दसवीं व बारहवीं कक्षाओं की सितंबर-अक्टूबर 2026 की परीक्षाओं के बहुविकल्पीय प्रश्नों की अस्थायी उत्तर कुंजियां जारी कर दी हैं। विद्यार्थी बोर्ड की वेबसाइट पर इन्हें देख सकते हैं। यदि किसी विद्यार्थी को किसी उत्तर पर आपत्ति है तो वह प्रमाणित तथ्यों के साथ 25 अक्टूबर को सायं पांच बजे तक आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बोर्ड के अध्यक्ष डा . राजेश शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी संबंधित विषय और कक्षा का स्पष्ट उल्लेख करते हुए अपनी आपत्तियां बोर्ड की ई-मेल आइडी पर भेज सकते हैं। आपत्तियों की समीक्षा संबंधित विषय विशेषज्ञों की समिति करेगी। समिति की अनुशंसा के आधार पर अंतिम उत्तर कुंजी तैयार की जाएगी। (जास)


# HP Board of School Education Offers Final Opportunity for Class 9th–10th Registration



SANJAY AGGARWAL

DHARAMSHALA OCT 22 : The registration process for classes 9th and 10th for the 2026-27 academic session, conducted by the Himachal Pradesh Board of School Education, is now in its final stage. Students who have not yet registered for any reason have a final opportunity to submit their forms by November 16, 2026, subject to a late fee of ₹500. No registrations will be entertained after this date. Board Chairman Dr. Rajesh Sharma stated that the Board will provide additional time for schools to rectify any human errors made during the form-filling process. A "correction window" will be open from November 17 to November 25, 2026, during which schools can easily amend details such as a student's name, parents' names, gender, date of birth, category, and chosen elective subjects. Dr. Sharma has issued strict instructions to the principals and headmasters of all government and private schools in the state to ensure that the registration process is completed within the stipulated deadline. He has further directed schools to carefully cross-verify every student's details against the school's admission register. Should any registration remain incomplete beyond the deadline, or if any errors are discovered in the students' details or subjects, the responsibility will lie solely with the principal of the respective school.

# *MCQ Answer Keys for SOS Examinations Released; Objections Accepted Until October 25 : Dr. Rajesh Sharma*



SANJAY AGGARWAL

DHARAMSHALA OCT 22 : Dr. Rajesh Sharma, Chairman of the Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE), announced that the provisional answer keys for the multiple-choice questions (MCQs) from the September/October 2026 State Open School (SOS) examinations—for classes 8, 10, and 12—have been made available on the Board's official website, www.hpbose.org. He stated that if any candidate wishes to raise an objection regarding an answer, they may do so by submitting their concerns—clearly specifying the subject and class, and providing supporting evidence—via email to hpbosesopapersetting.43@gmail.com by 5:00 PM on October 25, 2026. Alternatively, objections may be submitted by post or in person to the Section Officer of the Question Paper Setting Branch at the Board's office, provided they are received within the stipulated deadline. Dr. Sharma clarified that any objections received after the specified date and time, or those submitted without supporting evidence, will not be considered. All received objections will be reviewed by a committee of subject experts, and the final answer key will be prepared based on the committee's recommendations. He further noted that if no objections are received within the deadline, the provisional answer key will be treated as the final one, and the examination results will be compiled accordingly. No individual notifications will be sent to those who submitted objections. For further information, candidates may contact the Board at 01892-242134.

Amar Ujala Dt. 23-10-2026

# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला-176215

क्रमांक : हि.शि.बो. (41) पुस्तक मुद्रण शाखा / 2026 - 6836 दिनांक : 22.10.2026

**अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए पाठ्य पुस्तकों की छपवाई (प्रिंटिंग) के लिए कागज की आपूर्ति हेतु भारत में स्थित बांस / लकड़ी /एग्रो पल्प की वर्जिन पल्प (मैकेनिकल रहित पल्प) से निर्मित 80 जी.एस.एम. भारयुक्त मिल एवं बोर्ड वाटर मार्क कागज (रील एवं शीट पेपर) की बोर्ड के पेपर गोदाम अम्ब जिला ऊना, हि.प्र. एन.सी.आर. दिल्ली / जालंधर (पंजाब) / चंडीगढ़/ हिमाचल / जम्मू कश्मीर / हरियाणा /उत्तर प्रदेश में बोर्ड द्वारा चयनित मुद्रकों को आपूर्ति हेतु कागज मिलों से एतद द्वारा प्रतिस्पर्धात्मक ई-निविदाएं दिनांक 22.10.2026 से 03.11.2026 प्रातः 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

निविदादाता टैंडर प्रपत्र बोर्ड की वैबसाइट hpbose.org पर देख सकते हैं एवं वैबसाइट https://hptenders.gov.in से डाउनलोड एवं अपलोड कर सकते हैं। इस दशा में निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 20000/- का डिमांड ड्राफ्ट जो सचिव, हि.प्र. स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला को देय हो, तकनीकी निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा।

हस्ता. सचिव

The Hindustan Times Dt:22-10-2026

# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला-176215

क्रमांकः हि०शि०बो०(41)पुस्तक मुद्रण शाखा/2026-6836 दिनांकः 22.10.26

## अल्पकालिक ई-निविदा सूचना

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए पाठ्य पुस्तकों की छपवाई (प्रिंटिंग) के लिए कागज की आपूर्ति हेतु भारत में स्थित बांस/लकडी/एग्रो पल्प की वर्जिन पल्प (मैकेनिकल रहित पल्प) से निर्मित 80 जी.एस.एम. भारयुक्त मिल एवं बोर्ड वाटर मार्क कागज़ **(रील एंव शीट पेपर)** की बोर्ड के पेपर गोदाम अम्ब जिला ऊना हि०प्र०, एन०सी०आर० दिल्ली/जालन्धर (पंजाब)/चंडीगढ़/हिमाचल/जम्मू कश्मीर/हरियाणा/उत्तर प्रदेश में बोर्ड द्वारा चयनित मुद्रकों को आपूर्ति हेतु कागज़ मिलों से एतदद्वारा प्रतिस्पर्धात्मक ई-निविदाएं दिनांक 22.10.2026 से 03.11.2026 प्रातः 11.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है।

निविदादाता टैंडर प्रपत्र बोर्ड की वैबसाइट **hpbose.org** पर देख सकते हैं एवं वैबसाइट **https://hptenders.gov.in** से डाउनलोड एवं अपलोड कर सकते है। इस दशा में निविदा प्रपत्र शुल्क ₹20000/- का डिमांड ड्राफ्ट जो सचिव, हि०प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला को देय हो, तकनीकी निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा।

**सचिव**